## राज्यपाल सचिवालय

## राजभवन जयपुर

# राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों से किया संवाद, विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर दिए निर्देश

जयपुर/ नागौर, 20 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि हम सभी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बौद्धिक रूप से मजबूत करें। हम बौद्धिक रूप से सुदृढ़ होंगे तो देश खुशहाल होगा।

राज्यपाल श्री बागडे ने नागौर के जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का बेहतरीन क्रियान्वयन करें। शिक्षा नीति के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दें तथा शैक्षिक सुदृढ़ीकरण के लिए संकल्पित रहें।

उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाए तथा घने जंगल के रूप में विकसित करें। पारिस्थितिकी व पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक वृक्षारोपण करें तथा प्रयास करें कि छायादार पौधे लगाएं। इसी के साथ राज्यवृक्ष खेजड़ी का संरक्षण, संवर्द्धन करें।

श्री बागडे ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास को गति मिले और अधिकाधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं। यहां की क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा दें ताकि रोजगार के बेहतरीन अवसर सृजित हों।

उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर भी उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राजीविका, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधि सहित जल जीवन मिशन एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की उन्होंने समीक्षा की। राज्यपाल ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना में किसानों व आमजन को प्रेरित करें। पीएम कुसुम योजना में किसानों को प्रेरित करते हुए खेतों में अधिकतम सौर उर्जा संयत्र स्थापित किए जाएं ताकि काश्त में काश्तकारों को संबल मिल सके। किसानों को उनकी फसल को खरीद केन्द्रों पर विक्रय करने के लिए प्रेरित करें तथा कृषि, विपणन, उद्यानिकी व बैंकों आदि की विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक करें। जल जीवन मिशन में सभी गांवों में पेयजल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें तथा पेंडिंग कनेक्शन पूरे करें।

राज्यपाल ने राजीविका महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं में लाभान्वित करें और प्रयास करें कि योजना में ऋण योजना में लाभ का बेहतरीन यूटीलाइजेशन हो। महानरेगा योजना अंतर्गत सुदूर गांवों- ढाणियों में सड़कों की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें।




श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे
माननीय राज्यपाल
Studiomaster


Studiomaster